NEW YORK STATE | Department of Health

# हॉस्पिस के साथ कौनसी सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं?

**विशेषज्ञ दल मरीज़ों को समग्र सहायता प्रदान करता है, जिसमें किसी एक लक्षण या शरीर के अंगों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय पूरे व्यक्ति का इलाज किया जाता है। हॉस्पिस (Hospice) देखभाल प्रत्येक मरीज़ की अनूठी ज़रूरतों को पूरा करती है, उनके शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक कल्याण का पोषण करती है।**

## देखभाल में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- चौबीसों घंटे, सातों दिन नर्सिंग स्टाफ़ की उपलब्धता
- रजिस्टर्ड नर्स (registered nurse, RN) या लाइसेंस प्राप्त प्रैक्टिकल नर्स (licensed practical nurse, LPN) द्वारा समय-समय पर विज़िट
- प्रमाणित गृह स्वास्थ्य सहयोगी (certified home health aide, HHA) द्वारा व्यक्तिगत देखभाल में सहायता
- हॉस्पिस चिकित्सा निदेशक द्वारा देखभाल की देखरेख
- भावनात्मक और व्यावहारिक समस्याओं के लिए एक सामाजिक कार्यकर्ता से सहायता
- आध्यात्मिक और आस्था-आधारित सहायता
- चिकित्सा उपकरण और दवाएँ
- प्रशिक्षित स्वयंसेवकों से सहायता, समर्थन और साहचर्य
- शोक सहायता और परामर्श

## हॉस्पिस कहाँ प्रदान की जाती है?

- मरीज़ या देखभाल करने वाले के घर में
- अस्पताल
- नर्सिंग होम
- सहायता प्राप्त जीवन-यापन सुविधाएँ
- हॉस्पिस निवास

## हॉस्पिस का भुगतान कौन करता है?

- Medicare हॉस्पिस लाभ के माध्यम से Medicare द्वारा
- Medicaid
- अधिकांश वाणिज्यिक स्वास्थ्य बीमा
- चूंकि अधिकांश हॉस्पिस गैर-लाभकारी हैं, इसलिए उपहार और दान अक्सर कार्यक्रमों, परियोजनाओं और देखभाल के लिए भुगतान करने में मदद करते हैं

# हॉस्पिस सेवाओं
## के लिए कौन योग्य है?

**वे लोग जो निम्न स्थिति दर्शाते हैं:**

- पिछले 6 महीनों में दो या दो से अधिक बार आपातकालीन विभाग में जाना और/या अस्पताल में भर्ती होना
- कामकाज करने की क्षमता में लगातार कमी
- पिछले 6 महीनों में 10% से अधिक अनियोजित रूप से वज़न में कमी
- शरीर के अंगों में सूजन का बिगड़ना या बार-बार होना
- सांस की तकलीफ के साथ सीने में दर्द
- स्ट्रोक या एमियोट्रोफ़िक लेटरल स्क्लेरोसिस (amyotrophic lateral sclerosis, ALS) के कारण निगलने में कठिनाई, या निगलते समय दम घुटना
- अनियमित दिल की धड़कन जो इलाज के बाद ठीक नहीं होती
- मनोभ्रंश के साथ संवाद करने और चलने में असमर्थता
- अनियंत्रित दर्द, मितली, सांस की तकलीफ
- असुविधाजनक या अप्रभावी उपचारों को बंद करने की इच्छा
- आराम और जीवन की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने की इच्छा
- **चिकित्सक द्वारा छह महीने से कम की जीवन प्रत्याशा की पुष्टि**

### मरीज़ को हॉस्पिस देखभाल कैसे मिल सकती है?

- मरीज़ से संबंधित कोई भी व्यक्ति हॉस्पिस के लिए रेफ़रल कर सकता है। इसमें स्वयं मरीज़, साथ ही उनके परिवार के सदस्य, मित्र, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता और सामाजिक सेवा एजेंसियां शामिल हैं।
- यदि आप मरीज़ हैं, तो हॉस्पिस देखभाल प्राप्त करने के दौरान आपको निगरानी के लिए एक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता या नर्स प्रैक्टिशनर की आवश्यकता होगी। अक्सर, इसका मतलब होता है कि आप अपने मौजूदा स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से ही देखभाल जारी रख सकते हैं।

**हॉस्पिस और प्रशामक देखभाल केंद्र**
**(Center for Hospice & Palliative Care)**
**वृद्धावस्था और दीर्घकालिक देखभाल कार्यालय**
**(Office of Aging and Long-Term Care)**
**ईमेल:** CHPC@health.ny.gov
**फ़ोन:** (518) 807-7848

health.ny.gov/hospice

#14215 (Hindi)

NEW YORK STATE | Department of Health

11/2025